# स्लाइट और आईएसजीईसी यमुनानगर के बीच एम.ओ.यू.संपन्न

## छात्रों के प्रशिक्षण, प्लेसमेंट और तकनीकी सहयोग को मिलेगा नया आयाम

"समानता और न्याय"
पटियाला 10 सितम्बर
INTERNATIONAL PAPER, 9463601616
hardipchumber57@gmail.com

लोंगोवाल,10 सितंबर (जगसीर सिंह)-=हेवी इंजीनियरिंग लिमिटेड (आईएसजीईसी)

यमुनानगर, हरियाणा और संत लोंगोवाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्लाइट लोंगोवाल के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को नई ऊँचाई पर ले जाना तथा छात्रों के व्यावसायिक विकास को गति देना है। यह (एम.ओ.यू.) निदेशक स्लाइट प्रो. मणिकांत



पासवान, और विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) इंद्रानिल देबनाथ, एवीपी - एच (आईएसजीईसी) द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर का सफल संचालन प्रो. रविकांत मिश्रा, डीन एलुमिनी और इंडस्ट्रियल रिलेशंन स्लाइट के मार्गदर्शन में हुआ। इस कार्यक्रम में श्री संजय चौधरी (मुख्य कार्यकारी, (पीईडी), श्री विनायक बेहरा (हेड–वेल्डिंग), श्री डी.एन. मिश्रा (हेड–ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट) तथा सुश्री तन्वी पुरी (टॉप मैनेजमेंट, ) (आईएसजीईसी) सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य पेड इंटर्नशिप, इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, प्लेसमेंट, (आईएसजीईसी) द्वारा प्रायोजित पीजी एवं पी.एच.डी. प्रोग्राम्स को बढ़ावा देना है। साथ ही अनुसंधान, तकनीकी कार्यशालाओं, कौशल विकास और नवाचार के क्षेत्र में भी संयुक्त पहल की जाएगी।

आईएसजीईसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे "इंडस्ट्री–एकेडेमिया पार्टनरशिप की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम" बताया और कहा कि इससे छात्रों को न केवल व्यावहारिक अनुभव मिलेगा, बल्कि उद्योग को भी कुशल और प्रशिक्षित मानव संसाधन प्राप्त होगा। स्लाइट के प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि यह समझौता छात्रों के भविष्य को नई दिशा देगा और उन्हें वास्तविक औद्योगिक वातावरण से जोड़कर "क्लासरूम से कॉरपोरेट तक की यात्रा" को और सशक्त करेगा। इस अवसर पर भविष्य में संयुक्त प्रोजेक्ट्स, तकनीकी सेमिनार्स और इनोवेशन कार्यक्रमों को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

# निदेशक स्लाइट प्रो. मणिकांत पासवान ने पूर्व छात्रों से उनके कार्यस्थल पर की मुलाकात

## (आईएसजीईसी ) यमुनानगर में स्लाइट एल्युमिनी कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन

"समानता और न्याय"
पटियाला 10 सितम्बर
INTERNATIONAL PAPER, 9463601616
hardipchumber57@gmail.com

लोंगोवाल,10 सितंबर (जगसीर सिंह) -

यमुनानगर स्थित (आईएसजीईसी ) में संत लोंगोवाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (स्लाइट) के तत्वावधान में एल्युमिनी कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. मणिकांत पासवान तथा डीन



(एल्युमिनी एवं औद्योगिक संबंध) प्रो. रविकांत मिश्रा ने कार्यस्थल पर अपने पूर्व छात्रों से भेंट की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्थान के पूर्व छात्रों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना और उद्योग–अकादमिक सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार करना था। अपने संबोधन में प्रो. मणिकांत पासवान ने कहा, "संस्थान के सतत विकास में एल्युमिनी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के कार्यक्रम संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ भविष्य की संभावनाओं को भी गति प्रदान करते हैं।"

प्रो. रविकांत मिश्रा ने सक्रिय एल्युमिनी नेटवर्क के महत्व पर बल देते हुए कहा, "पूर्व छात्रों का अनुभव और सहयोग संस्थान की शैक्षणिक तथा शोध परियोजनाओं को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है।" कार्यक्रम में (आईएसजीईसी) में कार्यरत कई स्लाइट एल्युमिनी, जिनमें गुरप्रीत सिंह सहित अन्य प्रमुख पूर्व छात्र भी शामिल थे, ने भाग लिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और संस्थान के साथ निरंतर सहयोग देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

वर्ष - 11 अंक - 318
कुल पृष्ठ 4 मूल्य -2 रु.
लुधियाना
11, सितंबर, 2025

निर्भीक एवं निष्पक्ष
# जागृति लहर
JAGRATI LAHAR
ਜਾਗ੍ਰਤੀ ਲਹਿਰ
शहीद बाबू लाभ सिंह एवं शहीद नरिंदर नाथ खन्ना को समर्पित समाचार पत्र
मुख्य संपादक : गौतम जालंधरी ● www.jagratilahar.com ● Email : jagratilahar@gmail.com ● RNI No. PUNBIL/2014/59855
YouTube youtube/c/jagratilehar www.facebook.com/jagratilehar 81462-00161, 98154-82954

ADMISSION OPEN for 2024-2025

# ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਸਲਾਇਟ ਪ੍ਰੋ. ਮਨੀਕਾਂਤ ਪਾਸਵਾਨ ਨੇ ਪੁਰਾਣੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨਾਲ ਕੀਤੀ ਮੁਲਾਕਾਤ




**ਲੌਂਗੋਵਾਲ, 10 ਸਤੰਬਰ (ਜਗਸੀਰ ਸਿੰਘ)** - ਸੰਤ ਲੌਂਗੋਵਾਲ ਇੰਸਟੀਚਿਊਟ ਆਫ਼ ਇੰਜੀਨੀਅਰਿੰਗ ਐਂਡ ਟੈਕਨਾਲੋਜੀ (ਸਲਾਇਟ) ਐਲੂਮਨੀ ਕਨੈਕਟ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ (ਆਈਐਸਜੀਸੀ) ਯਮੁਨਾਨਗਰ ਵਿਖੇ ਆਯੋਜਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਸੰਸਥਾ ਦੇ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਪ੍ਰੋ. ਮਨੀਕਾਂਤ ਪਾਸਵਾਨ ਅਤੇ ਡੀਨ (ਐਲੂਮਨੀ ਅਤੇ ਇੰਡਸਟਰੀਅਲ ਰਿਲੇਸ਼ਨਜ਼) ਪ੍ਰੋ. ਰਵੀਕਾਂਤ ਮਿਸ਼ਰਾ ਨੇ ਕੰਮ ਵਾਲੀ ਥਾਂ ਤੇ ਆਪਣੇ ਸਾਬਕਾ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨਾਲ ਮੁਲਾਕਾਤ ਕੀਤੀ। ਆਪਣੇ ਸੰਬੋਧਨ ਵਿੱਚ, ਪ੍ਰੋ. ਮਣੀਕਾਂਤ ਪਾਸਵਾਨ ਨੇ ਕਿਹਾ, ਸੰਸਥਾ ਦੇ ਬਿਹਤਰ ਵਿਕਾਸ ਵਿੱਚ ਸਾਬਕਾ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦੀ ਭੂਮਿਕਾ ਬਹੁਤ ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਹੈ। ਅਜਿਹੇ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਸਬੰਧਾਂ ਨੂੰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਬਣਾਉਣ ਦੇ ਨਾਲ-ਨਾਲ ਭਵਿੱਖ ਦੀਆਂ ਸੰਭਾਵਨਾਵਾਂ ਨੂੰ ਤੇਜ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਸਮੇਂ ਸਰਗਰਮ ਸਾਬਕਾ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦੇ ਨੈੱਟਵਰਕ ਦੀ ਮਹੱਤਤਾ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦਿੰਦੇ ਹੋਏ, ਰਵੀਕਾਂਤ ਮਿਸ਼ਰਾ ਨੇ ਕਿਹਾ, ਪੁਰਾਣੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦਾ ਤਜਰਬਾ ਅਤੇ ਸਮਰਥਨ ਸੰਸਥਾ ਦੇ ਅਕਾਦਮਿਕ ਅਤੇ ਖੋਜ ਪ੍ਰੋਜੈਕਟਾਂ ਨੂੰ ਨਵੀਆਂ ਉਚਾਈਆਂ ਤੇ ਲੈ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ।ਇਸ ਸਮਾਗਮ ਦੌਰਾਨ ( ਆਈਐਸਜੀਸੀ) ਵਿੱਚ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਸਲਾਇਟ ਪੁਰਾਣੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੇ ਸ਼ਿਰਕਤ ਕੀਤੀ, ਜਿਨਾਂ ਵਿੱਚ ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਹੋਰ ਪ੍ਰਮੁੱਖ ਸਾਬਕਾ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਸ਼ਾਮਲ ਸਨ।